# कुलानुशासक कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय

दिनांक : 11.11.2019

## प्रेस–विज्ञप्ति

आगामी दिनांक 15.11.2019 से लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षा 2019–20 में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से निम्नलिखित व्यवस्था की जाती है :–

1. विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश–पत्र देखकर प्रातः 8.15 बजे से द्वार संख्या 1,2,4 एवं 5 से अन्दर आने की अनुमति दी जायेगी ।
2. परीक्षा ड्यूटी में नियोजित शिक्षक एवं कर्मचारी द्वार संख्या 02 एवं 4 पर अपने वाहन रखने के उपरान्त पूर्व की भाँति परीक्षा परिसर में आने का कष्ट करें ।
3. परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा से सम्बन्धित कोई पाठ्य सामग्री मोबाइल फोन या बैग आदि नहीं लायेंगे । निरीक्षण के समय ऐसी सामग्री पाये जाने पर उसे मुख्य द्वार के बाहर रखवा दिया जायेगा, जिसकी सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की नहीं होगी। यदि यह सामग्री परीक्षा कक्ष में पायी जायेगी तो अनुचित साधन प्रयोग के अर्न्तगत उनकी परीक्षा निरस्त की जा सकती है ।
4. परीक्षार्थी अपने निर्धारित स्थल पर बैठकर ही परीक्षा देंगे । निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य जगह पर बैठकर परीक्षा देने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी ।
5. परीक्षा अवधि में अनाधिकृत रूप से परिसर में प्रवेश करने वाले के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी । अभिभावकों से अनुरोध है कि वे भी परिसर के बाहर ही रहने का कष्ट करें ।
6. परीक्षा अवधि में आग्नेयास्त्रों (वैधानिक एवं अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त व्यवस्था का अनुश्रवण कर विश्वविद्यालय प्रशासन का यथेष्ठ सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें ।

(प्रो0 विनोद सिंह)

संख्या : 3470-3520 दिनांक : 11.11.2019

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–**

1. माननीय कुलपति महोदय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
2. माननीय प्रति कुलपति महोदय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
5. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

**प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को भी प्रेषित :–**

1. समस्त संकायाध्यक्ष को इस आशय के साथ कि समस्त विभागाध्यक्षों को उक्त आशय की सूचना प्रसारित करने का कष्ट करें ।
2. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त समाचार–पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
3. इंचार्ज वेबसाइट को आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी निरीक्षक, हसनगंज, लखनऊ ।
5. प्रभारी, पुलिस चौकी, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।

(प्रो0 विनोद सिंह)
कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ